संख्या-3/5308/9-1-13-59सा/07टीसी

प्रेषक,

श्रीप्रकाश सिंह
विशेष सचिव
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

संयुक्त आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0
32 स्टेशन रोड, लखनऊ।

नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 28 अक्टूबर, 2013

विषय: प्रदेश की नगरीय निकायों के आकस्मिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों पर माह अक्टूबर/नवम्बर, 2013 में आयोग द्वारा उप निर्वाचन कराये जाने के संबध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0 389 ,दिनांक 09 अक्टूबर, 2013 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सूचित किया है कि '' प्रदेश की नगरीय निकायों के आकस्मिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों पर माह अक्टूबर/नवम्बर, 2013 में आयोग द्वारा उप निर्वाचन कराया जाना प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 13ज के अन्तर्गत संलग्न समय सारिणी के अनुसार आकस्मिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों, जिन्हें शासन द्वारा रिक्त अधिसूचित किया गया है, पर उप निर्वाचन कराये जाने हेतु कृपया राज्य सरकार का परामर्श विलम्बतम् 28 अक्टूबर, 2013 तक आयोग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।..''

2. इस संबध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त पत्र दिनांक 09 अक्टूबर, 2013 द्वारा प्रेषित समय सारणी पर सहमति/परामर्श प्रदान किया जाता है। कृपया तद्नुसार अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(श्रीप्रकाश सिंह)
विषेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in